# निर्णय वइजलास श्री रामसिंह गुर्जर आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी छबडा जिला बारां द्वारा अध्यासित

प्रकरण संख्या 16/2025
दायरा दिनांकः–25.02.2025
निर्णय दिनांकः– 24.09.2025

## उनवान

1. अनीसा बेगम उर्फ अन्नो बीप ुत्री लतीफ खां पत्नि मोहम्मद साबिर जाति मुसलमान निवासी ग्राम नीमथूर तहसील छबडा हाल निवासी अजन्ता प्रेस के पास छबडा जिला बारां (राज0)
2. रशीदा बेगम उर्फ कल्लो बी पुत्री लतीफ खां पत्नि अब्दुल समद जाति मुसलमान निवासी नीमथूर तहसील छबडा हाल निवास टावर कॉलोनी छबडा जिला बारां (राज0)

बनाम

1. राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार छबडा जिला बारां (राज0)

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136,एल0 आर एक्ट

निर्णय दिनांकः– 24.09.2025

अभिभाषक उपस्थितः–1. श्री अमरसिंह मीणा– प्रार्थी

अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत 136,एल0 आर एक्ट विरूद्ध अप्रार्थीगण के न्यायालय में इस आशय का पेश किया गया कि प्रार्थीयागण काश्तकार है, जिनकी शामलाती कृषि भूमि ग्राम नीमथूर पटवार हल्का चाचौड़ा तहसील छबड़ा में खाता संख्या 08/07 में खसरा नंबर 218 रकबा 1.1761 खसरा नंबर 220 रकबा 0.8094 खसरा नंबर 55 रकबा 0.1265, कुल खसरा 03 कुल रकबा 2.1120 में हिस्सा प्रत्येक का 1/6 अवस्थित है। उक्त आराजीयात पर प्रार्थीयागण काबिज काश्त है। उक्त आराजीयात में बतौर काश्तकार के नाम इन्तकाल मे दर्ज कराते समय बोलते नाम अनीसा बेगम का अन्ना बी ओर रसीदा बेगम का कल्लो बी दर्ज हो गये है, उक्त नाम दुरूस्त कराना अति आवश्यक है। खातेदार प्रार्थीयां कम 1 अन्नो बी का सही व वास्तविक नाम अनीसा बेगम है जो कि आधार कार्ड, जनआधार व राशनकार्ड व अन्य दस्तावेज में भी अनीसा बेगम दर्ज है  खातेदार प्रार्थीया क्रम 2 कल्लो बी का सही व वास्तविक नाम रसीदा बेगम है जो कि आधार कार्ड, जनआधार व राशनकार्ड अन्य दस्तावेज में भी रसीदा बेगम दर्ज है। प्रार्थीयागण अपने उक्त नाम रेकार्ड मे दुरूस्त कराने बाबत कही बार राजस्व कर्मचारीयो से निवेदन किया लेकिन उनके द्वारा असमर्थता बताई गई। अनीसा बेगम उर्फ



उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

...ा बी उर्फ आयु वर्ष पुत्री लतीफ खा पत्नि मोहम्मद साबिर जाति मुसलमान निवासी ...मथूर तहसील छबड़ा हाल निवासी अजन्ता प्रेस के पास, छबड़ा जिला बांरा राज० एंव रसीदा बेगम उर्फ कल्लो बी आयु वर्ष पुत्री लतीफ खां पत्नि अब्दुल समद जाति मुसलमान निवासी नीमथूर तहसील छबड़ा हाल निवास– टावर कालोनी छबड़ा जिला बांरा राज० तहसील छबड़ा जिला बांरा राज०के हे तथा राजस्व रेकार्ड में उक्त सही व वास्तविक नाम दर्ज कराने के वैधानिक अधिकारी है।

प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जर्ये सम्मन तलब किया गया। अप्रार्थी की ओर से रिपोर्ट प्राप्त हुई। प्रार्थीया द्वारा अपने पक्ष के समर्थन में नकल जमाबन्दी ग्राम नीमथूर सम्वत् 2076–79 खाता संख्या 8 पेश की गई। फोटो प्रति आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, फोटो प्रति पहचान पत्र, परिवार राशन कार्ड, आधार कार्ड अनीसा बेगम जन आधार कार्ड अनीसा बेगम परिवार राशन कार्ड फोटो प्रति बैंक पास बुक पेश की गई।

बहस अभिभाषक प्रार्थीया सुनी गई। बहस के दौरान अभिभाषक प्रार्थीया द्वारा प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यो को दौहराया गया वकील प्रार्थी का कथन है कि विवादित आराजी वाके ग्राम नीमथूर तहसील छबडा में स्थित है। जिसमें प्रत्येक का 1/6 हिस्सा स्थित है। जिस पर प्रार्थीयागण काबिज काश्त है उक्त आराजी में इन्तकाल दर्ज करते समय अनीसा बेगम का अन्ना बी और रसीदा बेगम का कल्लो बी दर्ज कर दिया गया। प्रार्थीया क्रम 1 अन्नो बी का वास्तविक नाम अनीसा बेगम तथा प्रार्थीया क्रम 2 कल्लो बी का वास्तविक नाम रसीदा बेगम है जो प्रार्थीयागण के अन्य दस्तावेजों से प्रमाणित होता है प्रार्थीयागण का राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में नाम गलत दर्ज होने के कारण राज्य सरकार से मिलने वाले समस्त लाभो से वंचित होना पड रहा है। प्रार्थीयागण का नाम राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में दुरूस्त किया जावें।

इस सम्बन्ध में तहसीलदार छबडा से रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार छबडा ने रिपोर्ट में बताया कि ग्राम नीमथूर के खसरा नम्बर 218,220,55 कुल किता 3 रकबा 2.1120 है0 में प्रार्थीयागण का नाम अन्नो बी, कल्लो बी दर्ज है फोती नामान्तरण संख्या 422 दिनांक 08.09.2014 से लतीफ खां के स्थान पर प्रार्थीगण का नाम अन्नो बी, कल्लो बी दर्ज हुआ था जो कि जब से वर्तमान जमाबन्दी में दर्ज है उक्त सम्बन्ध में मजमे आम में पुछताछ से जानकारी हुई की अनीसा बेगम का बोलता नाम अन्नो बी व रसीदा का बोलता नाम कल्लो बी है अतः अनीसा बेगम ही अन्नो बी है और रसीदा बेगम ही कल्लो बी है। प्रार्थीगण के दस्तावेजो की जॉच करने पर नाम अनीसा बेगम व रसीदा बेगम दर्ज है।

बहस अभिभाषक प्रार्थीगण सुनी गई। पत्रावली एवं रिकार्ड का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत नकल जमाबन्दी ग्राम नीमथूर सम्वत् 2076–79 खाता संख्या 8 में अन्नो बी पुत्री लतीफ खां कल्लो बी पुत्री लतीफ खां दर्ज है फोटो प्रति आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, फोटो पहचान पत्र परिवार राशन कार्ड में रसीदा बेगम दर्ज है इसी प्रकार अप्रार्थी क्रम 1 के आधार कार्ड, जन आधार कार्ड मतदाता पहचान पत्र परिवार राशन कार्ड बैक पास बुक में रसीदा बेगम दर्ज है प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्रार्थीयागण का नाम राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में गलत है तथा अन्य दस्तावेजों में सही



उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

म दर्ज है तहसीलदार छबडा द्वारा अपनी रिपोर्ट में बताया कि लतीफ खां का फोती नामान्तरण खोलतें समय प्रार्थीयागण का नाम गलत यानि की बोलता नाम से दर्ज किया गया है तहसीलदार छबडा द्वारा रिपोर्ट के साथ संलग्न फोती नामान्तरण संख्या 422 दिनांक 08.09.2014 में कल्लो बी, अन्नो बी व रजिया बेगम पुत्रीया का नाम दर्ज है। प्रस्तुत रिपोर्ट एवं दस्तावेजो के आधार पर प्रार्थीयागण का नाम तहसीलदार छबडा रिपोर्ट के अनुसार अनीसा बेगम एवं अन्नो बी तथा रसीदा बेगम एवं कल्लो बी एक ही महिला है। राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किया जाना न्यायोचित है।

## :: क्रियात्मक आदेश ::

उपरोक्त विवेचनानुसार प्रार्थीयागण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है विवादित आराजी वाके ग्राम नीमथूर तहसील छबडा के खसरा नम्बर 218 रकबा 1.1761 है0 खसरा नम्बर 220 रकबा 0.8094 है0 खसरा नम्बर 55 रकबा 0.1265 है0 में दर्ज प्रार्थीयागण का नाम अन्नो बी के स्थान पर अनीसा बेगम उर्फ अन्नो बी एवं कल्लो बी के स्थान पर रसीदा बेगम उर्फ कल्लो बी दर्ज करने के आदेश तहसीलदार छबडा को दिये जातें है। शेष इन्द्राज यथावत रहेंगें।

निर्णय लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

(रामसिंह गुर्जर)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी, छबडा
उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)